हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 13 सितंबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 आग बुझाने दौड़ रही नगर पालिका की दमकल...



08 फिर हवा में क्लोरीन की तीखी गंध फैलते ही ...



सीधे सीएम तक बात पहुंचाने 100 से अधिक शिकायतों का लक्ष्य

बंगलिया में मोबाइल टावर के खिलाफ नागरिकों का 'सीएम हेल्पलाइन सत्याग्रह'

नागरिक अपनी समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी के वार्ड क्रमांक 8, उत्तर बंगलिया में एक नए मोबाइल टावर की स्थापना को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा अब एक बड़े आंदोलन में तब्दील हो गया है। प्रशासन के खिलाफ नागरिकों ने 'सीएम हेल्पलाइन' को ही अपने 'सत्याग्रह' का मजबूत हथियार बना लिया है। रहवासी लगातार सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें दर्ज कर रहे हैं ताकि उनकी परेशानी सीधे प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंच सके। नागरिकों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे रुकने वाले नहीं हैं और उन्होंने 100 से अधिक शिकायतें दर्ज करने का लक्ष्य रखा है, ताकि जनमत को दरकिनार करने वाले भ्रष्ट तंत्र की नींद खोली जा सके।

क्या है पूरा मामला?

रेडिएशन का खौफ: उत्तर बंगलिया क्षेत्र में महज 100 फीट के दायरे में पहले से ही दो हाई-फ्रीक्वेंसी मोबाइल टावर मौजूद हैं। अब उसी पड़ोस में एक और मोबाइल टावर लगाया जा रहा है, जिससे लोगों को अपने स्वास्थ्य पर रेडिएशन के गंभीर और विपरीत प्रभाव पड़ने का डर सता रहा है।

मिली अनुमति: 12 सितंबर को सामान्य प्रशासन विभाग में दर्ज सीएम हेल्पलाइन शिकायत के अनुसार, डीएम/कलेक्टर ऑफिस के अधिकारियों ने बिना कोई फील्ड विजिट (जांच) किए और बिना स्थानीय नागरिकों की सहमति लिए ही टावर लगाने की अनुमति दे दी है।



प्रशासन पर बात ठहरी

अब देखना यह है कि नागरिकों के इस 'सीएम हेल्पलाइन सत्याग्रह' के बाद प्रशासन अपनी जिद पर अड़ा रहता है या जनमत को ध्यान में रखते हुए इस अनुमति को तत्काल प्रभाव से रद्द करता है।

नागरिकों ने दी चेतावनी: रोकेंगे काम

वार्ड की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने भी जनता के साथ सहमति दी है और एसडीएम ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं रहवासी प्रकाश केवट, पंकज ककोड़िया रोहित केवट, राजेश मालवीय, दुष्यंत कुमार, राजकुमार चौहान, सुनील मेहरा सहित अन्य क्षेत्रवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है। नागरिकों का कहना है कि यदि टावर लगाने का काम तुरंत नहीं रोका गया, तो वे टावर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को जबरदस्ती रोकेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। सीएम हेल्पलाइन की शिकायत में भी नागरिकों ने चेतावनी दी यदि यह अनुमति वापस नहीं ली गई, तो अनुमति देने वाले अधिकारी के विरुद्ध व्यक्तिगत तौर पर कोर्ट में मामला दर्ज कराया जाएगा।

चांदी के जेवर सहित नगदी ले उड़े चोर, सूने घर को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के ग्वालटोली स्थित सिवनी नाका हरदा रोड पर बुधवार को बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर गोदरेज से चांदी के जेवर सहित नगदी चोरी कर ले गए। इसको लेकर अनूप हेमलानी सिंधी कॉलोनी निवासी ने मामला दर्ज कराया। अब पुलिस जांच कर रही है। फरियादी का कहना है कि रात करीब 3 बजे बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया और सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने निकाल लिए हैं।

उन्होंने बताया कि घर में रखी चांदी की प्लेट पायल और नगदी सहित लगभग 2 लाख रुपए का सामान चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि बदमाश सीसीटीवी में दिख रहे हैं और वह ईदगाह कचरा पट्टी तरफ जाते हुए नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि जब बिजली गुल हो गई थी तब उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम दिया। अब पुलिस जांच कर रही है।

कंपनी का एजेंट बताकर कर दी लाखों की ठगी

वहीं इधर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी एक युवक के साथ एक महिला ने आम्रपाली इन्वेस्टमेंट का एजेंट बताकर लगभग 2 लाख रुपए की ठगी कर दी।

बताया जाता है कि यह मामला पिछले कई सालों से चल रहा था। महिला कंपनी में डबल पैसा करने को लेकर यह रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाती रही। लेकिन अब इसको लेकर युवक ने देहात थाने में मामला दर्ज कराया।

प्रिया-नेहा 4 वर्ष से कर रहीं गोबर से प्रतिमाओं का निर्माण



इटारसी। भगवान श्री गणेश की भक्ति, गौ-संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण और महिला स्वावलंबन को एक सूत्र में पिरोती गोबर से गणेश प्रतिमा निर्माण की अनूठी पहल अब इटारसी में लोगों को आकर्षित कर रही है। नगर पालिका परिषद इटारसी के सहयोग से गोमां 33 कोटी गौमाता द्वारा गोबर से गणेश प्रतिमाओं सहित विभिन्न पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। ग्राम मनवाड़ा, डोलरिया निवासी प्रिया गौर एवं नेहा गौर पिछले लगभग चार वर्षों से इस कार्य में जुटी हुई हैं। दोनों महिलाओं द्वारा गोबर से आकर्षक गणेश प्रतिमाओं के साथ दीये, पूजन सामग्री, सजावटी सामग्री एवं अन्य उपयोगी पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।

लोक अदालत: नपा ने एक दिन में जुटाया 33 लाख टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ अवसर पर शनिवार को नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा हरित महा अभियान-2026 के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। न्याय के मंदिर से न्याय के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए न्यायाधीशगण एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एडीजे आदित्य रावत, एडीजे श्रीमती अनीता खजुरिया, आयुषी गुप्ता, यतीस अग्रवाल एवं प्राची गौरव सहित न्यायाधीशगण, अनुविभागीय अधिकारी नीलेश शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव तथा अधिवक्ता संघ के सचिव पारस जैन सहित संजय गुप्ता, राजेश चौरे एवं संतोष गुरियानी उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर नगर पालिका के राजस्व अमले द्वारा बकाया कर एवं अन्य देय राशियों की वसूली के लिए विशेष प्रयास किए गए। नगर पालिका द्वारा कुल 33 लाख की टैक्स वसूली की गई।

नानपा-कजलवास सड़क निर्माण को लेकर ग्रामवासियों ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नानपा-कजलवास सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों की आवागमन संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए नवीन सड़क निर्माण की मांग रखी। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग के अनुरूप नानपा एवं कजलवास को मध्यप्रदेश स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के महाप्रबंधक द्वारा नर्मदापुरम जिले में नवीन रेत खदानों के रूप में घोषित किया जा चुका है। साथ ही नवीन सड़क निर्माण के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में ग्रामीणों की आवागमन सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सड़क का आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा न हो। कलेक्टर मिश्रा से मिले आश्वासन के बाद ग्रामवासियों ने अपनी लिखित मांग उन्हें प्रस्तुत की। आश्वासन से संतुष्ट होकर ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।



हाईवे सर्वे को लेकर विवाद, मारपीट के लगे आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

हाईवे निर्माण के लिए जमीन के सर्वे को लेकर तहसील भैरुंदा क्षेत्र के ग्राम इटावाकलां में चल रहा विवाद अब पटवारी के खिलाफ किसान की शिकायत और किसान संगठन के प्रदर्शन तक पहुंच गया है। किसान भगवानदास करवाल ने हल्का नंबर 18 में पदस्थ पटवारी कमलसिंह वर्मा पर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। किसान ने थाना गोपालपुर और एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के बाद गुरुवार को किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान थाना भैरूंदा और तहसील कार्यालय पहुंचे। किसानों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि पांच दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो 18 सितंबर को गोपालपुर थाने के सामने चक्काजाम किया जाएगा। किसान भगवानदास के आवेदन के अनुसार, उसके मकान के पास से नेशनल हाईवे निकल रहा है। हाईवे के लिए जमीन का सर्वे किया जा रहा है। किसान का आरोप है कि सर्वे में उसके मकान को तो दर्ज किया गया, लेकिन ट्यूबवेल और तीन शेड को शामिल नहीं किया गया। इस संबंध में उसने 8 सितंबर को एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर दोबारा सर्वे कराने की मांग की थी। किसान के अनुसार, आवेदन देने के बाद पटवारी ने उसे गांव की एक दुकान पर बुलाया और भाई को भी साथ लाने के लिए कहा। आवेदन में बताया गया है कि 10 सितंबर को करीब 11.41 बजे उसके भाई पारदास को फोन कर बुलाया गया। इसके बाद दोनों भाई बताए गए स्थान पर पहुंचे। किसान ने आरोप लगाया कि बातचीत के दौरान पटवारी ने गाली-गलौज और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

वार्ड 1 में पोषण माह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, महिलाओं को दिए आहार के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

,नगर के वार्ड क्रमांक 1 में पोषण माह के अंतर्गत एक विशेष पोषण जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन एवं महिलाओं को संतुलित आहार, बेहतर स्वास्थ्य तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कृषि वैज्ञानिक डॉ. आकांक्षा पांडे एवं सुजीत गर्ग ने महिलाओं व हितग्राहियों को पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने दैनिक जीवन में स्थानीय एवं पौष्टिक आहार को शामिल करने के



व्यावहारिक उपाय बताते हुए स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद दिलीप गोस्वामी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना बस्तरवार विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पोषण माह के तहत चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को पौष्टिक व संतुलित भोजन अपनाने तथा बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने का संदेश दिया गया। यह आयोजन स्थानीय रहवासियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

पार्थ पांडेय राज्य स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा हेतु चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सीसेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, इटारसी के छात्र पार्थ विष्णु पांडेय ने संभाग स्तर पर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस चयन प्रक्रिया में पार्थ ने पांचवां स्थान हासिल कर नगर का गौरव बढ़ाया है।



आगामी दिनों में मध्य प्रदेश के शहडोल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पार्थ अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। युवा खिलाड़ी पार्थ, इटारसी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु पांडेय के पुत्र और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय के भतीजे हैं।

पार्थ के राज्य स्तरीय टीम में चुने जाने पर उनके परिजनों, शुभचिंतकों और स्थानीय खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी शहडोल प्रतियोगिता में उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई है और उन्हें ढेरों बधाइयां दी हैं।

जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की बैठक संपन्न, जिलाध्यक्ष हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया नेटवर्किंग विभाग की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाना, कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों को आम जनता तक पहुंचाना तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना था। बैठक में सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों ने संगठन को डिजिटल स्तर पर मजबूत करने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला



कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया संगठन और जनता के बीच संवाद का सबसे अहम माध्यम बन चुका है। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष अविरल हरि जैन ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के अधिकृत कार्यक्रमों और नेताओं के संदेशों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रभावी ढंग से प्रसारित करने के निर्देश दिए। जिला कांग्रेस संगठन महासचिव मधुसूदन यादव ने कहा कि सोशल मीडिया की आधुनिक तकनीक युवाओं और आने वाली पीढ़ी को पार्टी से जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। इसके साथ ही, प्रदेश सचिव एवं जिले के प्रभारी गोलू सोनी ने कार्यकर्ताओं को नेटवर्क सक्रिय करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन ने किए इंतजाम

शहर में गणेशोत्सव की तैयारी शुरू, सज रहे पंडाल, पीओपी की प्रतिमाओं पर पूर्ण प्रतिबंध, तय स्थान पर होगा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में 14 सितंबर से गणेशोत्सव शुरू हो रहा है। इस बार गणेश चतुर्थी पर महासंयोग भी बन रहा है। इसको लेकर शहर भर में धूम है। वहीं शहर में पीओपी की गणेश प्रतिमा पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही प्रशासन ने भी गणेश उत्सवको लेकर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इसके साथ ही पोला अमावस्या पर बैल जोड़ी की पूजा घर-घर की गई और मीठे पकवानों का भोग लगाया गया। पोला अमावस्या पर घर-घर बैलों की पूजा की गई और सुख समृद्धि की कामना की गई।गणेश उत्सव पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़, जुलूस और विसर्जन कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इसे देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गणेश चतुर्थी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम राजेश कुमार शुक्ला द्वारा



उत्तरदायित्व सौंपा गया है। वहीं गणेश उत्सव के दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर पी.ओ.पी. से बनी गणेश प्रतिमाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

एसडीएम ने जारी किए आदेश

पर्यावरण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता, जलीय जीव-जंतुओं और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र पर पीओपी के प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम राजेश कुमार शुक्ला ने जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में यह आदेश जारी किया है।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका, नगर परिषद, नगर पंचायत और ग्राम पंचायत क्षेत्रों में संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र में ऐसी प्रतिमाओं की बिक्री व स्थापना न हो। साथ ही विसर्जन को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नर्मदा नदी सहित किसी भी प्राकृतिक जलस्रोत में सीधे नहीं किया जाएगा। विसर्जन के लिए संबंधित नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित कृत्रिम विसर्जन कुंड / स्थल का ही उपयोग करना अनिवार्य होगा।

ब्रिक्स सम्मेलन में सोहागपुर की बिटिया प्रज्ञा ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कुमारी प्रज्ञा पंकज जैन इन दिनों दिल्ली में जारी ब्रिक्स सम्मेलन में सहभागिता कर रही हैं। विद्यार्थी के रूप में प्रज्ञा जैन की सक्रिय सहभागिता से सभी क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। यह विशेष अवसर है कि क्षेत्र सोहागपुर के किसी विद्यार्थी ने वैश्विक मंच को समझने का एवं इसमें सहभागिता का अवसर पाया है।



सोहागपुर सकल जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि बेटी प्रज्ञा सुपुत्री स्व. सेठ पंकज गिल्ला सोहागपुर की यह विशिष्ट उपलब्धि है। शुक्रवार को दिल्ली में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में प्रज्ञा ने वैश्विक मंच पर पहुंचने का अवसर पाया एवं ब्रिक्स सम्मेलन को सफलता दिलाने के राष्ट्रीय प्रयासों में सहभागिता की है। कुमारी प्रज्ञा सुपुत्री स्वर्गीय सेठ पंकज जैन की इस सहभागिता से क्षेत्रवासियों में गर्व की अनुभूति है कि विश्व स्तरीय प्रतिनिधियों के बीच उन्हें वैश्विक बाजार एवं वैश्विक प्रजातांत्रिक व्यवस्था को समझने का अवसर मिल रहा है। इस उपलब्धि से समस्त जैन परिवार एवं जैन समाज सहित सोहागपुर के वासियों में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय की कुमारी प्रज्ञा पंकज जैन सोहागपुर के किलापुरा वार्ड क्षेत्र में कमानिया गेट के समीप निवासरत हैं।

तर्क-वितर्क ग्लोबल टीम की हैं अध्यक्ष

दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अंतर्गत ब्रिक्स बिज़नेस फ़ोरम 2026 में प्रज्ञा जैन तर्क-वितर्क ग्लोबल टीम की अध्यक्ष हैं। इसमें प्रज्ञा जैन ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रज्ञा जैन मूल रूप से नर्मदापुरम जिले के कस्बे सोहागपुर से संबंध रखती हैं। और वहां से निकलकर इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचना एक प्रेरणादायक सफर है। सम्मेलन दौरान उन्होंने ब्रिक्स दल के विभिन्न सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ सार्थक वार्ता की और आर्थिक सहयोग तथा बहुपक्षीय संबंधों को मज़बूत बनाने के रास्तों पर चर्चा हुई। फ़ोरम में एग्रो टेक, व्यापार और नवाचार को लेकर भी बातचीत हुई, जिसका उद्देश्य ब्रिक्स राष्ट्रों के समग्र विकास को गति देना रहा। कार्यक्रम को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। उनके संबोधन ने इस बात को और पुख्ता किया कि ब्रिक्स आज केवल एक संगठन नहीं बल्कि एक साझा भविष्य की दिशा में बढ़ने वाला मंच बन चुका है।

ग्लोबल सेंटर हैं विद्यार्थी

प्रज्ञा जैन ने बताया कि तर्क वितर्क ग्लोबल संगठन भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित वाद विवाद यानी डिबेट और एडुटेक के ज़रिए भारत के युवाओं को जागरूक बनाने का काम करता है। विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर चलाए जाने वाले इसके कोर्स का मूल उद्देश्य पब्लिक स्पीकिंग और जागरूकता को बढ़ावा देना है। भारत की ज्ञान परंपरा हमें याद दिलाती है कि समझ हमेशा उत्तर से नहीं बल्कि प्रश्न से शुरू होती है। यही हमारी बौद्धिक विरासत है। इसी सोच के साथ तर्क वितर्क ग्लोबल जैसे संगठन आज युवाओं को यह सिखा रहे हैं कि प्रश्न पूछना समझदारी की पहली सीढ़ी है, और प्रज्ञा जैन की इस मंच पर भागीदारी इसका जीता जागता उदाहरण है।

व्यय प्रतिपूर्ति का अटका भुगतान, आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा असर...

आग बुझाने दौड़ रही नगर पालिका की दमकल वाहन, लेकिन भुगतान नहीं

संजय द्विवेदी ⏭ बैतूल

आगजनी होने पर नगर पालिका की दमकल शहर की सीमा तक सीमित नहीं रहती, बल्कि खेतों, गन्नाबाडिय़ों और ग्रामीण क्षेत्रों में आग बुझाने के लिए 70 से 80 किलोमीटर दूर तक दौड़ लगाती है। आग की सूचना छोटी हो या बड़ी, दमकल अमला जोखिम उठाकर मौके पर पहुंचता है। इसके पीछे कारण यह है कि जनपद पंचायतों के पास आगजनी जैसी घटनाओं पर काबू पाने के लिए दमकल वाहन नहीं है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक आगजनी की घटनाएं होती है, इसके बाद भी पंचायत स्तर पर आग बुझाने फायर वाहन की व्यवस्था नहीं की जा रही है। कुछेक पंचायतों में पानी टैंकर से ही आग पर काबू पाया जाता है, लेकिन सभी पंचायतों के पास टैंकर भी उपलब्ध नहीं। आकस्मिक रूप से सामने आने वाली अनेक आपदाओं में अग्नि दुर्घटना भी अतिसंवेदनशील है, जो आमतौर पर बड़े-छोटे गांवों में आए दिन सामने आती है। इससे निपटने का प्रबंधन आवश्यकतानुसार व्यापक होता है, किंतु पंचायत स्तर पर कहीं भी फायर ब्रिगेड उपलब्ध नहीं है।



लेकिन प्रतिपूर्ति की दरें आज भी वहीं की वहीं हैं। ऐसे में कागज पर मिलने वाली राशि और वास्तविक खर्च के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है। नगरपालिका पहले से ही सीमित संसाधनों में अपनी सेवाएं संचालित कर रही है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड भेजना और फिर वर्षों तक उसका भुगतान नहीं मिलना निकाय की वित्तीय स्थिति पर सीधा असर डाल रहा है।

नपा की वित्तीय स्थिति पर डाल रहा असर

सबसे बड़ा सवाल केवल बकाया भुगतान का नहीं, बल्कि प्रतिपूर्ति की दरों का भी है। नगरपालिका के अनुसार इन दरों का निर्धारण वर्ष 2014 में किया गया था। यानी करीब 12 साल में पेट्रोल-डीजल, वाहनों के रखरखाव, स्पेयर पार्ट्स और कर्मचारियों से जुड़े खर्च में भारी बढ़ोतरी हो चुकी है,

ग्रीष्म काल में होती है अधिक आगजनी

आग लगने की घटनाएं गांवों में गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा होती है। विशेषकर रबी फसल की कटाई के चलते कटी हुई फसल खलिहानों में किसान एकत्रित करते हैं। घास की गंजियां भी खलिहान परिसर के समीपस्थ लगी रहती हैं। खलिहान अक्सर ऐसे स्थानों पर होते हैं जहां थ्रेसिंग के लिए बिजली लाइन की सुविधा समीप में होती है। ऐसे में लाइन के तार टूटने, आपस में टकराकर फाल्ट होने, थ्रेसिंग आदि उपकरणों में संयोजन का जुगाड़ करने के साथ ही खलिहानों में काम करते बीड़ी-पीने आदि के दौरान असावधानीवश आग लगने की घटना सामने आती है। जिससे पीड़ित को हजारों लाखों का नुकसान झेलना पड़ता है।

सूचना मिलते ही रवाना हो जाती है दमकल

खेत या गन्नाबाड़ी में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को रवाना करना पड़ता है। कई बार आग छोटी होती है, लेकिन सूचना को नजरअंदाज करने का जोखिम नहीं लिया जा सकता, क्योंकि कुछ ही देर में आग बड़े क्षेत्र में फैल सकती है। ऐसे में नगरपालिका का अमला ईंधन, वाहन संचालन और कर्मचारियों के समय का खर्च उठाकर मौके पर पहुंचता है। शासन ने नगरीय निकायों की सीमा के बाहर फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और रेस्क्यू वाहन उपलब्ध कराने के खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए दरें भी निर्धारित कर रखी हैं। फायर ब्रिगेड के लिए 150 रुपए प्रति घंटे और 23 रुपए प्रति किलोमीटर की दर तय है। आग बुझाने में इस्तेमाल फोम लिक्विड और ड्राई केमिकल पाउडर का वास्तविक खर्च अलग से दिए जाने का प्रावधान है। एंबुलेंस और रेस्क्यू वाहन के लिए 6 रुपए प्रति किलोमीटर निर्धारित है।

नपा को नहीं मिलती प्रतिपूर्ति व्यय

जनपद और पंचायतों में आग पर काबू पाने के लिए नगरपालिका की फायर वाहनों की सेवाएं ली जाती है। जिसके बदले नगरपालिका को व्यय प्रतिपूर्ति राशि मिलती है। लेकिन यह राशि नगरपालिका को नहीं मिल रही है। ऐसे में नगरपालिका को अतिरिक्त भार वहन करना पड़ रहा है। नपा कर्मचारियों की माने तो वे आग बुझाने के लिए दमकल वाहन नगरपालिका क्षेत्र के अलावा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों को भी कवर करता है। इस पर डीजल, मेंटेनेंस तथा कर्मचारियों की सैलरी पर हर माह लाखों रुपए का खर्च आता है, लेकिन ग्रामीण इलाकों की सेवा के लिए मिलने वाली राशि आज तक नहीं मिली। इसका सीधा-सीधा असर नगरपालिका की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। जानकार बताते है कि निकाय सीमा के बाहर फायर बिग्रेड वाहन का उपयोग किए जाने पर दरें निर्धारित की है। यह दरें लगभग 23 रुपये प्रति किमी है और नगरपालिका हर साल नगरीय निकाय की सीमा के बाहर फायर वाहन जाने पर खर्च की राशि का बिल जिला पंचायत को भेजती है, लेकिन यह राशि नगरपालिका को कई से नहीं मिली है।

इनका कहना है...

नगरपालिका द्वारा हर साल आगजनी की घटनाओं का विवरण सहित व्यय प्रतिपूर्ति के लिए बिल बनाकर जनपद पंचायत को भेजा जाता है, लेकिन आज तक भुगतान नहीं हुआ है। जिससे परेशानी हो रही है।

संतोष धनेलिया, स्वच्छता निरीक्षक नगर पालिका बैतूल

प्रतिपूर्ति राशि के भुगतान की रफ्तार धीमी

ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी को रोकने के बदले शासन द्वारा निर्धारित व्यय प्रतिपूर्ति राशि लेने की बारी आती है तो भुगतान की रफ्तार थम जाती है। बैतूल जनपद पंचायत द्वारा बीते चार-पांच साल से फायर ब्रिगेड के व्यय प्रतिपूर्ति बिलों का भुगतान नहीं होने से नगरपालिका पर लाखों रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ रहा है। नगरपालिका की ओर से हर साल फायर ब्रिगेड द्वारा नगरीय सीमा के बाहर दी गई सेवाओं का हिसाब तैयार कर बिल जनपद पंचायत को भेजे जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3 लाख 16 हजार 690 रुपए और वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 80 हजार 908 रुपए की राशि जनपद पंचायत पर बकाया बताई जा रही है। यह तो केवल दो वर्षों की राशि है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यदि पिछले चार-पांच वर्षों के लंबित बिलों को जोड़ा जाए तो नगरपालिका की बकाया राशि और अधिक हो सकती है।

पत्थरों की बारिश के बीच आस्था का महासंग्राम, गोटमार मेले में टूटा झंडा

प्रशासन ने 200 घायलों की दी जानकारी, 7 गंभीर घायलों को किया रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल/ मुलताई

ओला पर्व के दूसरे दिन कर के अवसर पर आयोजित होने वाला प्रसिद्ध ऐतिहासिक पांढुर्णा गोटमार मेला इस वर्ष भी पूरे जोश, उत्साह और पारंपरिक अंदाज में संपन्न हुआ। मां चंडिका के प्रति अगाध श्रद्धा और आस्था के प्रतीक इस मेले में जाम नदी के बीच सावरगांव पक्ष द्वारा गाड़े गए झंडे को लेकर पांढुर्णा और सावरगांव के खिलाड़ियों के बीच सुबह से ही पत्थरबाजी का पारंपरिक मुकाबला शुरू हो गया। इस बार पूरे मेले में जेन-जी वर्ग के युवाओं का खासा दबदबा देखने को मिला। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुआ पत्थरबाजी का यह सिलसिला दोपहर बाद और अधिक उग्र हो गया । शाम करीब 3 बजे के बाद दोनों पक्षों के खिलाड़ियों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हुई, जिसके चलते जाम नदी का क्षेत्र पत्थरों की बौछार से गूंज उठा। शाम करीब 6 बजे पांढुर्णा पक्ष के युवाओं ने झंडे तक पहुंचकर उसे तोड़ दिया और पांढुर्णा पक्ष की जीत की घोषणा हुई। मेले के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। स्थानीय स्तर पर घायलों की संख्या 1500 से अधिक बताए जाने का दावा किया गया, जबकि प्रशासन की ओर से घायलों की संख्या करीब 200 के आसपास बताई गई। इनमें से सात लोगों को गंभीर चोट लगने के कारण उच्च उपचार के लिए रेफर किया गया।





सात गंभीर घायलों को किया गया रेफर

गोटमार मेले के दौरान पत्थर लगने से स्वरा लिखार की आंख में चोट आई। सावरगांव निवासी जीवन सलामे के सिर में गंभीर चोट लगी। जवाहर वार्ड निवासी सचिन नासरे की आंख में चोट आई। सावरगांव निवासी नीतिन भादे के पैर में फ्रैक्चर हुआ। सावरगांव निवासी संजय धारपुरे के पैर में फ्रैक्चर हुआ। नांदनवाड़ी निवासी कैलाश साहू के कंधे में चोट आई, जबकि राधाकृष्ण वार्ड निवासी सचिन हाटेकर के पैर में फ्रैक्चर हुआ। गंभीर चोटों के चलते सभी सात घायलों को रेफर किया गया।

विधायक नीलेश उईके ने भी बरसाए पत्थर

गोटमार मेले के दौरान एक अलग नजारा भी देखने को मिला, जब स्थानीय विधायक नीलेश उईके स्वयं पत्थरबाजी करते नजर आए। उन्होंने पत्थर बरसाकर मां चंडिका के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। बताया जाता है कि विधायक उईके कई वर्षों से गोटमार मेले में शामिल होकर पत्थरबाजी करते रहे हैं। विधायक ने गोटमार मेले को पांढुर्णा का ऐतिहासिक गौरव और वर्षों पुरानी अटूट परंपरा का प्रतीक बताया।

वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

अवैध सागौन परिवहन करते टाटा 407 पकड़ा, 81 नग काष्ठ जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

पश्चिम वनमंडल के सांवलीगढ़ एवं भौंरा वन परिक्षेत्र की संयुक्त टीम ने गुरुवार देर रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम बानाबेहड़ा के समीप सागौन काष्ठ का अवैध परिवहन कर रहे टाटा 407 वाहन को पकड़ा। वन अमले ने वाहन की घेराबंदी कर उसमें लदी सागौन काष्ठ जब्त की। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया। वन विभाग के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि टाटा 407 वाहन में सागौन काष्ठ का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर सांवलीगढ़ एवं भौंरा परिक्षेत्र के वन अमले ने ग्राम बानाबेहड़ा के समीप संबंधित बीट में घेराबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध टाटा 407 को रोककर उसकी तलाशी ली गई। वाहन में सागौन के 81 नग काष्ठ, जिसकी कुल मात्रा 2.811 घन मीटर बताई गई है, बरामद हुई। वन विभाग ने काष्ठ सहित वाहन को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान गौरव नायक पिता रमेश नायक, उम्र 33 वर्ष, निवासी ढोड़रामऊ को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। फरार आरोपी की तलाश के लिए वन विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

मामले में वन विभाग ने वन अपराध प्रकरण क्रमांक 179/31 दर्ज कर लिया है। जब्त सागौन काष्ठ के स्त्रोत, परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेजों तथा इस अवैध परिवहन में शामिल अन्य लोगों के संबंध में भी जांच की जा रही है। संयुक्त कार्रवाई में भौंरा परिक्षेत्र अधिकारी बृजेंद्र तिवारी, परिक्षेत्र सहायक भौंरा मूलशंकर परते, परिक्षेत्र सहायक डाबरी धनाराम धुर्वे, बीट गार्ड शंभू भारती, नवल सिंह गुर्जर, सौरव सिरोठिया एवं संजीत धुर्वे सहित वन विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल रहे। वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से सागौन काष्ठ के परिवहन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है।



एकलव्य विद्यालय शाहपुर में लगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का सेक्टर शिविर

लापरवाही पर जीआरएस, सचिव और स्वास्थ्य कर्मचारियों को नोटिस के निर्देश, फर्जी पट्टों की शिकायत पर जांच के आदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शाहपुर ब्लॉक के एकलव्य स्कूल में सेक्टर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक घोड़ाडोंगरी गंगाबाई उईके, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों और आवेदनों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए।

लापरवाही पर जीआरएस और सचिव को नोटिस के निर्देश

ग्राम काटावाड़ी में दो वर्ष से लंबित बाउंड्रीवाल निर्माण की शिकायत पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने लापरवाही पर जीआरएस हेमराज परते एवं सचिव मंशालाल काकोड़िया को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बरेठा में सीसी रोड निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर सचिव महेश बामने के खिलाफ भी नोटिस जारी करने को कहा गया। डाबरी स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों के नियमित नहीं पहुंचने की शिकायत पर सीएमएचओ को संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। धपाड़ा माल में अतिक्रमण और तोड़फोड़ की शिकायत पर एसडीएम एवं एसडीओपी को जांच कर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। नगर परिषद शाहपुर में फर्जी पट्टे वितरण की शिकायत पर एसडीएम को जांच के निर्देश दिए गए। वहीं स्वर्णलता डेनियल की सागौन के पेड़ चोरी होने की शिकायत पर भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। शिविर में पेयजल, नेटवर्क, सीमांकन, वन अधिकार पट्टे, राशन और प्रधानमंत्री आवास से संबंधित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कालापानी प्राथमिक स्कूल के हैंडपंप में तीन दिन के भीतर पाइप लाइन डालकर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

आज का विद्युत कटौती शेड्यूल

बैतूल। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कारगिल चौक से गाढ़ाघाट रोड तक निर्माणाधीन सड़क में बाधा बन रहे विद्युत पोलों को 13 सितंबर को शिफ्ट किया जाएगा, जिसके चलते 11 केवी टाउन-2 फीडर एवं टाउन-1 फीडर की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-2 के प्रबंधक ने बताया कि रविवार को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक टाउन-2 फीडर के लिंक रोड, चंद्रशेखर वार्ड, कारगिल चौक, बारस्कर कालोनी, इंदिरा वार्ड, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, कोठी बाजार, कंपनी गार्डन, आजाद वार्ड, गर्ल्स कॉलेज, वीवीएम कालेज, तलैया मोहल्ला, अंबेडकर चौक, उमप किराना, राठी अस्पताल, ड्रीम होम्स कालोनी, नेहरू पार्क, आदि क्षेत्र तथा टाउन-1 फीडर के कोर्ट परिसर, पेट्रोल पम्प, पुलिस पेट्रोल पंप, पुलिस कन्ट्रोल रुम, जिला पंचायत, ट्राइबल कार्यालय, एमपीईबी कार्यालय, कलेक्ट्रेट, सर्किट हाउस, कर्मचारी भवन एवं गर्ल्स हॉस्टल आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी उन्होंने बताया कि किन्ही अपरिहार्य कारणों से विद्युत कटौती के समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

सर... बिटिया के बिना हम दोनों नहीं रह सकते एक वाक्य ने बचा लिया टूटता परिवार

आमला लोक अदालत में मीडिएशन से जुड़ा बिखरता रिश्ता, पति ने वापस ली तलाक की याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला/बैतूल

अपर जिला न्यायालय आमला में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को एक ऐसा भावुक पल सामने आया, जिसने पूरे न्यायालय परिसर को भावुक कर दिया। दो वर्षों से अनबन के कारण अलग होने की कगार पर पहुंचे प्रेम-विवाह करने वाले दंपति ने अपनी बिटिया के भविष्य को सर्वोपरि मानते हुए फिर साथ रहने का फैसला किया।

मीडिएशन के दौरान जब पति ने भर्राए गले से कहा, ₹सर, बिटिया के बिना हम दोनों नहीं रह सकते,₹ तो माहौल बदल गया। संवाद और समझाइश के बाद पति ने पत्नी के विरुद्ध दायर तलाक की याचिका लोक अदालत में वापस ले ली और दोनों ने अपने परिवार को नई शुरुआत देने का संकल्प लिया।

इस भावनात्मक प्रकरण में पति की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र उपाध्याय ने मीडिएशन के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप बिखरता परिवार फिर एक हो गया। चार खंडपीठों में 100 से अधिक मामले, 60 से अधिक का हुआ समझौता

राष्ट्रीय लोक अदालत में चार खंडपीठों के समक्ष 100 से अधिक प्रकरण रखे गए, जिनमें 60 से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निराकरण हुआ। चेक बाउंस, मोटर वाहन अधिनियम, पति-पत्नी विवाद, बैंक तथा नगर पालिका से जुड़े मामलों में समझौते के आधार पर लाखों रुपये की वसूली कराई गई।

न्यायिक एवं अधिवक्ता समुदाय की रही सक्रिय भूमिका

लोक अदालत की सफलता में अपर जिला न्यायाधीश संतोष चौहान के मार्गदर्शन में न्यायिक अधिकारी कुशाग्र अग्रवाल, राहुल निरंकारी एवं गार्गी शर्मा की सक्रिय भूमिका रही। वहीं अधिवक्ता संघ आमला के अध्यक्ष केशव चौकीकर एवं सचिव ब्रजेश सोनी सहित अधिवक्ता राजेंद्र उपाध्याय, कल्पेश माथनकर, अनिल पाठक, रवि देशमुख, सुरेंद्र खातरकर, शिवम उपाध्याय, गुलाब दवंडे, सतीश देशमुख एवं मोहम्मद शफी खान ने पक्षकारों को समझाइश देकर अधिक से अधिक मामलों के सौहार्दपूर्ण निराकरण में सहयोग किया।

गुदगांव की बेटी वैभवी ने रचा इतिहास

राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग में मारी बाजी

77 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर





भैंसदेही। गुदगांव-चिल्कापुर निवासी इंद्रदेव (वारू) मस्की की बेटी वैभवी मस्की ने इतिहास रच दिया है। एक्सीलेंस स्कूल बैतूल की कक्षा 9वीं की छात्रा वैभवी ने राज्यस्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में परचम लहराते हुए 77 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वैभवी की इस उपलब्धि से न केवल मस्की परिवार, बल्कि ग्राम गुदगांव, चिल्कापुर और पूरे भैंसदेही क्षेत्र का कुन्बी समाज का नाम रोशन हुआ है। कम उम्र में राज्यस्तर पर यह बड़ी सफलता हासिल कर वैभवी ने साबित कर दिया है कि बेटियां किसी से कम नहीं।

ग्रुप ऑफ यूनिटी ने दी बधाई

वैभवी की इस सफलता पर ग्रुप ऑफ यूनिटी के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। बधाई देने वालों में अशोक अड़लक, डॉ. दिनेश दवंडे, अनिल गौंद, वासु बारस्कर, किशोर राने, दिनेश बारस्कर, कैलाश नाकतुरे, देवीदास कारे, राजा मस्की, उमेश अडलक, विनय सोनारे, राहुल पवार, पिंटू मगरदे, राजेश अडलक, राजेंद्र पंडाग्रे, विजय बारस्कर, दिनेश पवार सहित सरपंच हेमलता लोखंडे, वरिष्ठ भाजपा नेता गुलाब दवंडे, प्रेमकिशोर लिखितकर, तुकाराम मस्की, सदाराम बारस्कर, फूलचंद लोखंडे ने भी बेटी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

मुलताई विधानसभा को मिली सौगात, 15 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी

मुख्यमंत्री मंजरा-टोला योजना के तहत 7 सड़कों व पुल निर्माण की स्वीकृति

मुख्यमंत्री मंजरा-टोला सड़क योजना के तहत 8.84 करोड़ की लागत से 7 सड़कों का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता देते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा लगातार विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुलताई विधानसभा क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात मिली है। विधायक देशमुख के प्रयासों से मुख्यमंत्री मंजरा-टोला सड़क योजना के अंतर्गत 8 करोड़ 84 लाख 89 हजार रुपए की लागत से 7 सड़कों के निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इन सातों सड़कों की कुल लंबाई 10.655 किलोमीटर है। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त पुल-पुलियाओं के पुनर्निर्माण योजना के अंतर्गत प्रभात पट्टन विकासखंड में 6 करोड़ 32 लाख रुपए से अधिक की लागत से अंभोर नदी पर 50 मीटर लंबे पुल के निर्माण की स्वीकृति भी मिली है। इन निर्माण कार्यों के पूरा होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने के साथ ही क्षेत्र की सड़क एवं पुल अधोसंरचना को मजबूती मिलने की उम्मीद है। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा पिछले दो वर्षों से क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए



विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों को स्वीकृत कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अधोसंरचना विकसित करने के लिए शासन स्तर पर प्रस्तावों को आगे बढ़ाया गया है।

प्रभात पट्टन विकासखंड में

चिखली माल से चिखली रैयत मार्ग — लंबाई 1.57 किलोमीटर, लागत 132.66 लाख रुपए।
एनएच-69 से ग्राम खंबारा मार्ग — लंबाई 0.90 किलोमीटर, लागत 76.36 लाख रुपए।
चारसी से बड़ाढाना मार्ग — लंबाई 0.48 किलोमीटर, लागत 40.69 लाख रुपए।
गरवा से देवडोंगरी मार्ग — लंबाई 1.66 किलोमीटर, लागत 141.00 लाख रुपए।

मुलताई विकासखंड में

ग्राम पोहर से पाठा मार्ग — लंबाई 1.04 किलोमीटर, लागत 88.37 लाख रुपए।
एनएच से बोथिया मार्ग — लंबाई 2.745 किलोमीटर, लागत 228.31 लाख रुपए।
येनस से कुंडई मार्ग — लंबाई 2.26 किलोमीटर, लागत 177.50 लाख रुपए।
इन सातों सड़कों की कुल लंबाई 10.655 किलोमीटर है और इनके निर्माण के लिए कुल 884.89 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

अंभोर नदी पर बनेगा 50 मीटर लंबा पुल

विधायक देशमुख के प्रयासों से क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया पुनर्निर्माण योजना के अंतर्गत प्रभात पट्टन विकासखंड में भी महत्वपूर्ण निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली है। मुलताई-मासोद मार्ग से प्रभात पट्टन मार्ग पर चैनज 7100 मीटर के समीप अंभोर नदी पर पुल निर्माण किया जाएगा। प्रस्तावित पुल की लंबाई 50 मीटर होगी और इसके निर्माण के लिए 647.31 लाख रुपए की लागत स्वीकृत की गई है। पुल के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही बारिश के दौरान नदी-नालों के कारण होने वाली आवागमन की परेशानी कम होने की उम्मीद है। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के बाद मुलताई एवं प्रभात पट्टन विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। नई सड़कों के निर्माण से गांवों को मुख्य मार्गों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, वहीं अंभोर नदी पर पुल बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। सड़क और पुल जैसी आधारभूत संरचनाएं ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक विकास कार्य स्वीकृत कराकर उन्हें धरातल पर उतारने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

खबर संक्षेप

आज निकालेंगे भगवान लव-कुश की शोभायात्रा

सोहागपुर। नगर में भगवान श्री लव-कुश जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रांतीय कुशवाहा समाज जिला नर्मदापुरम एवं लवकुश सेवा संगठन सोहागपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज भव्य शोभा यात्रा और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि शोभा यात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे लव-कुश चौराहा स्थित जायसवाल पेट्रोल पंप से होगा, जो मुख्य बाजार होते हुए दोपहर 1 बजे मंडी प्रांगण सोहागपुर पहुंचकर संपन्न होगी। मंडी प्रांगण में दोपहर 1 बजे भव्य संगीतमय आरती एवं 1:30 बजे से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में सांसद चौधरी दर्शनसिंह, सोहागपुर विधायक ठा. विजयपाल सिंह, सतना विधायक सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा, प्रांतीय कुशवाहा समाज प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा एवं देवीधाम ट्रस्ट सलकनपुर के अध्यक्ष महेश उपाध्याय आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कलेक्टर और एसपी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. एवं पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने भी ग्रामीणों से संवाद किया। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं और मांगों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया

सोहागपुर में दो टूटते परिवार जुड़े व्यापारिक विवाद भी सुलह से खत्म

नागरिकों को तुरंत और सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें पारिवारिक, चैक बाऊंस, बिजली, करों के भुगतान आदि के लंबित मामले निपटाये गये।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

तहसील न्यायालय सोहागपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 3 प्रकरणों का सफल निराकरण हुआ, जिसमें 2 परिवारों में सुलह और 1 व्यापारिक लेन-देन के विवाद का समझौता शामिल है।

1. पहला परिवार - ग्राम नयाखेड़ा

न्यायालय अतुल सक्सेना, अपर जिला न्यायाधीश के समक्ष पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद का प्रकरण था। कमल (परिवर्तित नाम) ने पत्नी नीना (परिवर्तित नाम) को वापस बुलाने का दावा लगाया था। न्यायाधीश महोदय द्वारा परिवार का महत्व समझाने पर तथा अधिवक्ता गोपाल सराठे, अधिवक्ता नाजमीन खान एवं खंडपीठ सदस्य संदीप कुमार रघुवंशी की समझाइश से दोनों में समझौता हो गया। दोनों ने कोर्ट में ही एक-दूसरे को माला पहनाकर साथ रहने का संकल्प लिया।

2. दूसरा परिवार - ग्राम जमुनिया

न्यायालय अपेक्षा यादव, JMFC के समक्ष मोहन (परिवर्तित नाम) और उसकी पत्नी सुनीता (परिवर्तित नाम) के बीच भरण-पोषण का विवाद था, जिसमें एक छोटा बच्चा भी शामिल था। न्यायाधीश अपेक्षा यादव एवं खंडपीठ सदस्य मो. तारिक कुरैशी की समझाइश, अधिवक्ता एम.एल. पाल एवं नर्मदापुरम से आये वरिष्ठ अधिवक्ता एस.एस. पटेल के प्रयासों से दोनों पक्षों में सुलह हो गई और सुखी जीवन बिताने के संकल्प के साथ प्रकरण समाप्त हुआ।

3. तीसरा मामला - व्यापारिक लेन-देन का

न्यायालय तेजदीप सासन, JMFC के समक्ष फर्म शिवशक्ति ट्रेडर्स द्वारा नर्मदा इंटरप्राइजेस के विरुद्ध पैसा वसूली का दावा लगा था। न्यायाधीश तेजदीप सासन की समझाइश एवं खंडपीठ सदस्य अधिवक्ता मनमीत धुर्वे तथा अधिवक्ता जे.पी. माहेश्वरी एवं संजय तिवारी की पहल पर दोनों पुराने व्यापारी मित्रों में आपसी समझौता हो गया और प्रकरण का निराकरण हुआ। उक्ताशय की जानकारी प्रेस नोट के माध्यम से अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर अतुल सक्सेना द्वारा दी गई।

न्याय के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश



इटारसी। पौधरोपण के दौरान उपस्थित अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का आह्वान किया। नगर पालिका परिषद द्वारा हरित महा अभियान-2026 के अंतर्गत शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि लोक अदालत जहां त्वरित न्याय और आपसी सहमति का मार्ग प्रशस्त करती है, वहीं पौधारोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण की नींव मजबूत करता है। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने बकाया कर समय पर जमा करें, लोक अदालत का लाभ उठाएं तथा हरित महा अभियान से जुड़कर पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं।

बसों की तेज रफ्तार दे रही दुर्घटनाओं को न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पचमढ़ी पिपरिया मार्ग पर तेज रफ्तार से चलने वाली बसों से दुर्घटनाओं होने का खतरा बढ़ रहा है। ओवरलोड बसें पिपरिया पचमढ़ी मार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा को दरकिनार कर बेधड़क चल रही है। बस चालक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। हाल ही में पिपरिया पचमढ़ी मार्ग पर हुई एक दर्दनाक बस दुर्घटना के बावजूद प्रशासन और बस संचालकों ने कोई सबक नहीं लिया है। मार्ग पर चल रही बस न केवल निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में दौड़ रही हैं। बल्कि उनमें क्षमता से अधिक सवारियां भी भरी जा रही हैं।

पचमढ़ी के पहाड़ी और घुमावदार रास्तों पर तेज रफ्तार से दौड़ती बस हर वक्त यात्रियों की जान जोखिम में डाल रही है। यात्रियों का कहना है कि सीटों की क्षमता पूरी होने के बावजूद बीच के गलियारे में यात्रियों को खड़ा किया जाता है और कई बार तो गेट पर भी लोग लटके नजर आते हैं हादसे के बाद कुछ दिनों तक तो प्रशासन ने शक्ति दिखाई लेकिन अब स्थिति फिर वैसी ही हो गई है। स्थानीय निवासियों और नियमित यात्रियों का आरोप है कि परिवहन और यातायात पुलिस की अनदेखी के चलते बस ऑपरेटर मनमानी पर उतारू है। तेज गति से बस चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी बड़ी घटना दुर्घटना को रोका जा सके।

पगढ़ में बाइसनो का झुंड देख पर्यटक हुए खुश



पचमढी। लगातार बारिश होने से आम जन परेशान है। घरो में पानी रिसना बिजली जानी जैसी समस्या आम बात है। वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण जीव जंतु भी नदारत हो गए है। इसी दौरान पचमढ़ी के धूपगढ़ में अचानक बाइसनो का झुंड मुख्य रास्ते पर दिखाई दिया। जिसे देखकर पर्यटकों में खुशी की लहर सी दौड़ गई। बहुत समय तक बाइसनो का झुंड रास्ते पर खड़ा रहा ओर पर्यटकों ने खूब फोटो लिये।

नगवाड़ा में हरिजन की जगह अंबेडकर मोहल्ला होगा नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम नगवाड़ा में सेवा सेतु अभियान - सरकार आपके द्वार अंतर्गत सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में बारेलाल अहिरवार राज्य मंत्री दर्जा अनुसूचित जाति आयोग सदस्य, विजय पाल सिंह विधायक, सत्यनारायण पाराशर , निखलेष चतुर्वेदी , विपिन यादव , डाल चन्द्र यादव, रामभरोष यादव , राजा अहिरवार, राजेश शुक्ला अपर कलेक्टर रंजीत ताराम, सुनील गडवाल (नायब तहसीलदार) एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। माननीय बारेलाल अहिरवार ने संत रवीदास की जीवन कथा का उल्लेख किया एवं माननीय विजय पाल सिंह ने समाज को जागरूख एवं आर्थिक रूप से मजबूत होने एवं शासन कि विभिन्न प्रकार की योजना के बारे में समझाया तथा ग्राम सभा का प्रस्ताव तैयार किया गया ग्राम नगवाडा में हरिजन मोहल्ला का नाम परिर्वतन कर डॉ. अम्बेडकर मोहल्ला करने को प्रस्ताव लिया गया।

कार्यशाला में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने रोगों और मौसमी बीमारी से निपटने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मौसमी बीमारियों और मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए नगरपालिका ने प्रशासनिक स्तर पर एक प्रभावी पहल की है। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नगरपालिका कार्यालय के अमृता सभाकक्ष में एक दिवसीय अंतर विभागीय समन्वय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शहर को डेंगू, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाना और जमीनी स्तर पर तैनात कर्मचारियों को लार्वा नष्ट करने की आधुनिक तकनीकों से प्रशिक्षित करना रहा।

स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यशाला में मलेरिया विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अरुण श्रीवास्तव एवं सुंदर नारायण शर्मा की टीम ने नगरपालिका के कर्मचारियों और स्वच्छतादूतों को मास्टर ट्रेनिंग दी। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर विशेष जोर दिया:

लार्वा विनष्टीकरण: नालियों, गड्ढों और जलजमाव वाले क्षेत्रों में पनप रहे मच्छर के लार्वा को पहचानना और 'मलेरिया ऑयल' व कीटनाशकों के छिड़काव से उन्हें तुरंत नष्ट करना। शहर के रिहायशी इलाकों में पानी का ठहराव न होने देना और खुले जल स्त्रोतों को समय-समय पर साफ करना। घर-घर कचरा संग्रहण के साथ-साथ आम नागरिकों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक करना। स्वच्छ भारत अभियान के नोडल अधिकारी अनुराग तिवारी ने कार्यशाला की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण स्वच्छतादूतों की कार्यकुशलता को बढ़ाएगा।

वेतन भुगतान को लेकर सचिव संघ ने सौंपा ज्ञापन

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र सहित अन्य सभी ग्राम पंचायतों के सचिव का वेतन भुगतान जुलाई अगस्त का तथा एरियर्स भुगतान नहीं किया गया है। जिसके कारण उनके परिवार जनों को अनेकानेक परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां तक कि सब्जी दुध किराना स्टोर बिजली विल बच्चों की विद्यालय की फीस जमा पुस्तक आदि अनेक तरह की परेशानी हो रही है। जिसके लिए अनेक तरह से मौखिक रूप से बताया गया है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ज्ञापन सौंपने बाले अध्यक्ष उमाशंकर पटेल , प्रकाश पटेल ओम प्रकाश साहु गोविन्द साहु प्रेम नारायण सराठे सहित अनेक पंचायत के सचिव उपस्थिति रहे। इस दौरान सचिव संघ ने शासन से कहा कि यदि शान मांगे नहीं मानता तो आगामी दिनों में आंदोलन किया जाएगा।

कर्मचारी वर्ग को स्वामित्व योजना का दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयुक्त भू संस्थान प्रबंधक के माध्यम से स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2028 योजना प्रारंभ की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लागू जा रही है।

निजी स्वत के अधिकार अभिलेखों का निःशुल्क निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना है। योजना का किरियानवयन हेतु नियमानुसार प्रशिक्षण शिविर आयोजित शहीद भगत सिंह कालेज में दिया गया। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी वर्ग के अलावा ग्राम पंचायत के सभी सचिव तहसीलदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अनुविभागीय अधिकारी सभी उपस्थित रहे।

फील्ड डायरेक्टर वन विभाग नर्मदापुरम के निर्देश पर गाइडों ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



गाइड रिफ्रेशर कोर्स सह प्रशिक्षण' के अंतिम दिवस पर फील्ड डायरेक्टर नर्मदापुरम राखी नंदा द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पचमढ़ी के सभी गाइडों को शपथ दिलाई कि पचमढ़ी एवं समस्त व्यू प्वाइंटो को पन्नी, पॉलीथिन एवं प्लास्टिक बोतल मुक्त करना है।

साथ ही स्वच्छता बनाये रखना ओर पचमढ़ी को पॉलीथिन फ्री जोन बनाना है। अधिकारी के निर्देश के पालन में समस्त गाइडों ने बीफाल,धूपगढ़ एवं रीछगढ़ में सफाई अभियान चलाया साथ ही पर्यटकों से भी आग्रह किया कि कम से कम प्लास्टिक बोतल एवं पर्यावरण को नुक़सान पहुंचाने वाली वस्तुओं का कम उपयोग करें।

मिट्टी के गणेश प्रतिमाएं बनाने का अभियान



पिपरिया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग द्वारा नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान अभियान के तहत घर घर गणेश,हर घर गणेश विराजे मिट्टी के गणेश के संकल्प के साथ सेक्टर नंबर 3 ग्राम पंचायत हतवास विकास खण्ड पिपरिया में सामाजिक कल्याण संस्थान एवं ग्राम प्रस्फुटन समिति हतवास में एवं बीजनवाडा में ग्राम प्रस्फुटन समिति सचिव शिवम् दुबे के द्वारा मिट्टी के गणेश प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में प्रशिक्षक राजेश कुशवाहा के द्वारा पवित्र नदी का जल और खेत आंगन की मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। संकल्प लिया गया कि गणेश चतुर्थी पर मिट्टी कि बनी गणेश प्रतिमाएं हर घर विराज मान काया जावेगा।ताकि नदियों को प्रकृति को कोई नुक्सान नहीं होना चाहिए।इस दौरान उपस्थित रहे ब्लाक समन्वयक दयाशंकर उभरे नवांकुर संस्थान सागर सामाजिक कल्याण ग्राम प्रस्फुटन समिति के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन वर्किंग वुमेन हॉस्टल का किया निरीक्षण, एजेंसी को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने नर्मदापुरम में निर्माणाधीन वर्किंग वूमेन हॉस्टल का निरीक्षण किया। उन्होंने हॉस्टल के प्रत्येक तल का भ्रमण कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने हॉस्टल के विभिन्न कक्षों में जाकर निर्माण कार्यों का अवलोकन किया तथा उपयोग की जा रही सामग्री एवं निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने साइट इंजीनियर को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के अंतिम चरण को शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि कामकाजी महिलाओं को जल्द से जल्द हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के प्रयास लगातार जारी

माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत प्रशिक्षण किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 'माटी गणेश, सिद्ध गणेश' अभियान के तहत सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम कलमेसरा के विद्यालय में गत दिवस पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों से पीओपी की प्रतिमाओं से होने वाले जल प्रदूषण से बचने और मिट्टी के पवित्र गणेश स्थापित करने का आह्वान किया गया।

कमल किरार ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नवांकुर संस्था सोहागपुर मित्र संघ समिति सोहागपुर संस्था सेक्टर क्रमांक 01 विकासखंड सोहागपुर मित्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी गणेशोत्सव को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाने के लिए समाज में जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम दौरान 'माटी गणेश, सिद्ध गणेश' अभियान के माध्यम से छात्राओं व नागरिकों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित गणेश प्रतिमाओं के स्थान पर प्राकृतिक मिट्टी से निर्मित पवित्र गणेश प्रतिमाओं की स्थापना करने का संदेश दिया गया। प्रशिक्षक ने मिट्टी से सुंदर गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया एवं उन्होंने बताया कि विसर्जन के बाद इनके अवशेष जलस्त्रोतों में जमा होकर जल की गुणवत्ता और जलीय जीवन को प्रभावित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र छात्राओं, प्राध्यापकों एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता सन्देश मिश्रा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

माखननगर में भी किया गया आयोजन



माखननगर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र द्वारा चलाए जा रहे माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के तहत नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखन नगर जिला नर्मदापुरम के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम परिषद के सेक्टर क्रमांक 04 अंतर्गत ग्राम गूजरवाड़ा के भारत उदय गुरुकुल स्कूल में प्रदीप यादव ने प्रशिक्षक के दायित्व का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों को अपने घर-आंगन-खेत की पवित्र मिट्टी से भगवान श्री गणेश जी सुंदर मूर्ति बनाना सिखाया। प्रशिक्षण के दौरान नीतिराजसिंह यादव ने बताया कि हमारे शास्त्रों में मिट्टी के गणेश की पूजा को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। महर घर माटी के गणेश सिद्ध गणेश अंतर्गत अभियान चलाया जा रहा है इस से पर्यावरण साफ सुथरा रहेगा पृथ्वी माता की साफ सुथरी मिट्टी से गणेश जी का निर्माण करें और गणेश चतुर्थी को स्थापित करें । इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराजसिंह यादव, वीरेंद्र यादव,सतीश यादव, गेंदालाल यादव, प्रदीप यादव, चन्द्रमोहन यादव, नवांकुर सखी रीता यादव, यशोदा यादव, वैशाली चौरे रक्षा यादव शिक्षक शिक्षिकाएं,विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

सीखने के लिए आकलन, पर शैक्षिक संवाद किया आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

जनशिक्षा केन्द्र तालकेसरी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय तालकेसरी में 'सीखने के लिए आकलन' विषय पर शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। संवाद में विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में आकलन की भूमिका तथा प्रभावी आकलन विधियों पर चर्चा की गई।

नोडल जनशिक्षक लक्ष्मण सिंह इरपाचे के मार्गदर्शन में सहजकर्ता महेश पटैल एवं सहयोगी जनशिक्षक डॉ. अमजद खान ने विषय से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर शिक्षकों के साथ संवाद किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रभारी प्रधान पाठक संतोष सोनी का आभार व्यक्त किया गया।

खबर संक्षेप



सिंधखेड़ा में मनाया राष्ट्रीय पोषण माह

रहटगांव। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9वां राष्ट्रीय पोषण माह 2026 का आयोजन शुक्रवार को रहटगांव तहसील की ग्राम पंचायत खमगांव के ग्राम सिंधखेड़ा में किया गया। इस वर्ष का अभियान मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत संशोधित पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) के दिशा-निर्देशों के आधार पर संचालित किया जा रहा है। पोषण माह के दौरान पांच प्रमुख विषयों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इनमें आहार में विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताजा एवं गर्म पका हुआ भोजन, सामुदायिक भागीदारी एवं जवाबदेही तथा बच्चों के समुचित विकास के लिए पोषण, प्रारंभिक प्रोत्साहन एवं शिक्षा शामिल हैं। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को बच्चों एवं महिलाओं के पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भगवती पटवारे, सहायिका हीरा मलाजपुरे, शिक्षक जमुना दास पाटिल, मुकेश राजगीरे, निलेश कुमार गौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।

झूले की रस्सी गले में फंसी, बालक की मौत



हरदा। शहर की जय होम्स कॉलोनी में शनिवार दोपहर घर में झूला झूलते समय 8 साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, झूले की रस्सी बच्चे के गले में फंस गई थी। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कार्तिक राजपूत (8) के रूप में हुई है। स्कूल से आने के बाद कार्तिक घर में झूला झूल रहा था। इसी दौरान झूले की रस्सी उसके गले में फंस गई। कार्तिक शहर के मॉडल पब्लिक स्कूल में पहली कक्षा का छात्र था।उसके पिता नितिन राजपूत बंधन बैंक में काम करते हैं। घटना के समय वे किसी काम से छीपाबड़ गए हुए थे। कार्तिक की मां अपने छह माह के छोटे बेटे को दूसरे कमरे में सुला रही थीं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

करंट से 15 वर्षीय किशोर की मौत

हरदा। जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याखेड़ी में शुक्रवार शाम करंट लगने से 15 साल के बच्चे की मौत हो गई। मोहित पिता महेश नागवेल मवेशियों के लिए चारा लेने खेत पर गया था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मोहित को शुक्रवार शाम करीब साढ़े 7 बजे करंट लगा। घटना के बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।मोहित के पिता महेश नागवेल ने बताया कि परिवार में मामी के निधन के कारण घर के पुरुष अंतिम संस्कार में शामिल होने नेमावर गए थे। महिलाएं भी शोक जताने के लिए मृतक के परिवार के पास गई थीं। इसी दौरान मोहित मवेशियों के लिए चारा लेने खेत पर गया था। मोहित ग्राम खमलाय में कक्षा 9 में पढ़ता था। वह दो भाई-बहनों में छोटा था। पिता के मुताबिक, मोहित उनका इकलौता बेटा था। कारणों की जांच की जा रही है।

रतलाम को हराया

सीहोर। शहर के आवासीय खेलकूद और चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में राज्य स्तर अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता गत 6 सितंबर से प्रारंभ हुई। इसमें पहला मैच रतलाम विरुद्ध खरगोन के बीच खेला गया खरगोन की टीम 11-0 से विजय रही खरगोन में शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

क्लोरीन सिलेंडर खाली करते समय फिर हुआ गैस रिसाव, बदबू से भागे ग्रामीण

फिर हवा में क्लोरीन की तीखी गंध फैलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण घबरा गए

सिलेंडर को तकनीकी प्रक्रिया के तहत खाली और निष्क्रिय (न्यूट्रलाइज) किया जा रहा था। इसी दौरान वाल्व या निकासी प्रक्रिया के चलते गैस रिसने लगी और वातावरण में हल्की से तेज गंध फैल गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



काहिरी कदीम फिल्टर प्लांट से लगे ग्रामीण क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पूर्व में रखे क्लोरीन गैस सिलेंडर को सुरक्षित करने की प्रक्रिया के दौरान गुरुवार को अचानक दोबारा गैस का रिसाव शुरू हो गया।

हवा में क्लोरीन की तीखी गंध फैलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण घबरा गए और सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। हालांकि, कुछ ही देर में मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने स्थिति को संभाल लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में पूर्व से रखे क्लोरीन सिलेंडरों के सुरक्षित निपटारे और जांच के लिए नगरपालिका की टीम पहुंची हुई थी। वहां मौजूद दो-तीन सिलेंडरों में से अधिकांश खाली थे, जबकि एक भरे हुए सिलेंडर को तकनीकी प्रक्रिया के तहत खाली और निष्क्रिय (न्यूट्रलाइज) किया जा रहा था। इसी दौरान वाल्व या निकासी प्रक्रिया के चलते गैस रिसने लगी और वातावरण में हल्की से तेज गंध फैल गई। गंध के प्रसार से गांव में दहशत का माहौल बन गया और लोग उल्टे पांव भागने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि इस तरह के संवेदनशील और जानलेवा गैस के मामलों में प्रशिक्षित तकनीकी दल के बजाय अप्रशिक्षित अमले से काम लिया जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है।

गौरतलब है कि मंगलवार को इसी गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव होने के चलते करीब एक दर्जन लोगों को अशास्तों का अस्पताल पहुंच गए थे सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंचने के बाद स्थिति पर काबू किया गया था। नगरपालिका के इंजीनियर विजय कोहली ने बताया कि मौके पर मौजूद क्लोरीन सिलेंडर को न्यूट्रलाइज करने की प्रक्रिया चल रही थी। इसी प्रक्रिया के दौरान मामूली गैस निकली, जिसकी वजह से वातावरण में हल्की स्मेल आई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई बड़ा रिसाव नहीं था बल्कि निष्क्रिय करने की तकनीकी प्रक्रिया का हिस्सा था। मौके पर मौजूद अमले ने तुरंत हालात पर काबू पा लिया है और किसी भी नागरिक को कोई नुकसान नहीं हुआ है। स्थिति पूरी तरह से सुरक्षित और नियंत्रण में है।

छात्राओं को गुड टच-बैड टच और बाल विवाह के दुष्परिणामों की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

शुक्रवार को शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय खिरकिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांदला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन टीम की सदस्य दिव्या राजपूत ने बच्चों को ह्यगुड टच और बैड टचह्व के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने बाल विवाह के बारे में बताया कि यदि लड़के की उम्र 21 वर्ष और लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम है, तो उनका विवाह कानूनन बाल विवाह की श्रेणी में आता है। उन्होंने बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणामों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि इससे बच्चों की शिक्षा रुक जाती है, घरेलू हिंसा के मामले बढ़ते हैं, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है और जीवन में आगे बढ़ने के अवसर सीमित हो जाते हैं।

चाइल्ड लाइन के आशीष जोशी ने बालश्रम के बारे में बताते हुए कहा कि बाल मजदूरी बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे बच्चों से उनका शिक्षा का अधिकार छिन जाता है और वे कुपोषण व गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। खतरनाक परिस्थितियों में काम करने से शारीरिक शोषण और जान का खतरा भी बना रहता है, जो गरीबी के दुष्चक्र को और बढ़ाता है।

प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल ने परखी सीहोर की शिक्षा व्यवस्था

सीहोर। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल ने शुक्रवार को सीहोर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर जिले की शिक्षा व्यवस्था, शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से सीधे संवाद कर विद्यालयों की आवश्यकताओं तथा समस्याओं की जानकारी ली और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रमुख सचिव के निरीक्षण की शुरुआत शासकीय हाई स्कूल सेमली जदीद से हुई। यहां उन्होंने विद्यालय में निर्मित टीन शेड, शैक्षणिक व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया।

संस्था के प्राचार्य शिवनारायण पटेल से विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने विद्यालय में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। डॉ. गोयल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से चर्चा कर विद्यालय की अतिरिक्त आवश्यकताओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। इसके बाद डॉ. गोयल ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्राओं ने तिलक लगाकर प्रमुख सचिव का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा छात्राओं और स्टाफ से संवाद कर आवश्यक संसाधनों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से उनकी पढ़ाई और छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की। निरीक्षण के अगले चरण में प्रमुख सचिव ने विकासखंड सीहोर की शासकीय माध्यमिक शाला जहांगीरपुरा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई से संबंधित प्रश्न पूछे। इस दौरान कक्षा सातवीं के छात्र नरेश लोधी ने प्रमुख सचिव से सवाल किए।

स्वास्थ्य आयुक्त ने स्वास्थ्य संस्थाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

स्वास्थ्य आयुक्त धनराजू एस ने शुक्रवार को हरदा जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं सामुदायिक स्वास्वाथ्य केन्द्र टिमरनी एवं जिला चिकित्सालय हरदा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय हरदा के ओपीडी कक्ष के कम्प्यूटर मे ओपीडी पर्ची बनाने के संबंध में तथा हितग्राही से ली जाने वाली जानकारियों के संबंध में उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होने कॉल सेन्टर पर हितग्राहियों से कैसे बात की जाती है, इस संबंध में कम्प्यूटर ऑपरेटर से जानकारी ली। उन्होने जिला चिकित्सालय के एनसीडी कक्ष का निरीक्षण कर चिकित्सको से कम्प्यूटर एन्ट्री का सत्यापन किया। उन्होने कहा कि सभी चिकित्सको को कम्प्यूटर में मरीजो को दी जाने वाली दवाईयों की एन्ट्री स्वयं करना आना चाहिए। हमे डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के भरोसे नहीं रहना है। तब ही हम मरीजों की जानकारी सही भर पायेंगे। उन्होने जॉच में लिखी पर्ची एवं कम्प्यूटर पर चढी एन्ट्री का मिलान कर रिकार्ड का सत्यापन भी किया। स्वास्थ्य आयुक्त धनराजू एस ने जिला चिकित्सालय हरदा में स्थित एसएनसीयू ,जिला चिकित्सालय के कम्प्यूटर कक्ष एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के स्टोर के रिकार्ड का सत्यापन भी किया।

खिरकिया रेलवे ओवरब्रिज में धारा 6 लागू लगाई गई आपत्तियों, का किया निराकरण

खिरकिया। शहर में बनने वाले 56 करोड़ के लागत वाले रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए धारा 6 लागू कर दी गई है। जिन भूमि और संपत्तियों पर यह निर्माण कार्य प्रस्तावित है, उनकी विधिवत प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रशासन ने संबंधित सभी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। ओवर ब्रिज की परियोजना को लेकर शहरवासियों में लंबे समय से उम्मीद थी, जो अब साकार होने की ओर बढ़ रही है। इससे न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि शहर के विकास को भी नई गति मिलेगी। भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास्सन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 6 (1) के अंतर्गत सार्वजनिक प्रयोजन के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाता है। धारा 6 लागू होने से निर्माण प्रक्रिया को मिली कानूनी स्वीकृति । 74 आपत्तियों का निराकरण किया गया। लोक सुनवाई की कार्यवाही पूरी। अब प्रोजेक्ट की तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं जारी। निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना। खिरकिया रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने जा रहा है।

नवोदय विद्यालय में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, चारूवा (हरदा) में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की भाषा शैली और तार्किक क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को दो वर्गों कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में विभाजित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों ने समसामयिक और ज्ञानवर्धक विषयों पर उत्साहपूर्वक अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मंच का कुशल संचालन अभिलाष खड़से द्वारा किया गया। उन्होंने अपनी बेहतरीन वाक्पटुता और ऊर्जावान शैली से पूरे कार्यक्रम में समां बांधे रखा और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। विद्यार्थियों के भाषा प्रवाह, प्रस्तुतीकरण और विषय वस्तु के सटीक मूल्यांकन के लिए एक तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया था। निर्णायक मंडल की भूमिका में एम.आर. जाटव, आर. साहनी और टीना कवरेती उपस्थित रहे। निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें भविष्य में अपनी वाक-कला को और अधिक निखारने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रतियोगिता के अंत में कनिष्ठ और वरिष्ठ, दोनों वर्गों के विजेता प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की गई, जिन्हें विद्यालय प्रशासन द्वारा 14 सितंबर 2026 को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यशाला में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ईको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में माटी गणेश–हरित गणेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा निर्माण, प्राकृतिक रंगों के उपयोग तथा जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने के प्रति जागरूक करना था। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितिन बातव ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलना वर्तमान समय की आवश्यकता है। पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा का निर्माण एवं विसर्जन हमारी आस्था के साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में ईको क्लब प्रभारी मधुरिमा तिवारी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों को ग्रीन गणेश की अवधारणा से अवगत कराया। उन्होंने मिट्टी की गणेश प्रतिमा, प्राकृतिक रंगों के प्रयोग, बीजयुक्त प्रतिमा तथा पर्यावरण-अनुकूल विसर्जन की प्रक्रिया को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया। साथ ही गणेश जी की प्रतिमा के विभिन्न अंगों में निहित जीवन-मूल्यों से विद्यार्थियों को परिचित कराते हुए पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन से जोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित व्यावहारिक कार्यशाला विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमाओं का निर्माण किया।

225 लीटर महुआ शराब जब्त कर भट्टी की नष्ट

झिरन्या। समीपवर्ती ग्राम राजपुरा में पुलिस चैनपुर (झिरन्या) ने दबिश देकर खेत में बनी टपरी में अवैध रूप से संचालित कच्ची महुआ शराब की भट्टी को पकड़ा है। मौके से पुलिस ने 225 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती लगभग 22,500 रुपये जप्त की है। साथ ही मौके पर मिला भारी मात्रा में महुआ लहान पुलिस टीम ने नष्ट कर दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी जयमाल पिता उनसिंग डावर उम्र 40 साल निवासी राजपुरा अपने खेत में टपरी बनाकर अवैध रूप से शराब का निर्माण कर बिक्री कर रहा था। पुलिस टीम को देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया है। यह कार्रवाई,पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा के निर्देशन और एसडीओ पुलिस भीकनगांव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गणपत कनेल के नेतृत्व में अभियान के तहत पुलिस बल को मिली है। आरोपी के विरुद्ध थाना चैनपुर पर प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय भीकनगांव में पेश किया गया है।

संभाग स्तरीय कबड्डी में नर्मदापुरम बालक व बैतूल बालिका वर्ग में विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



नेहरू स्टेडियम हरदा में 19 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग की संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हरदा, नर्मदापुरम एवं बैतूल जिले की टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कबड्डी के अंतरराष्ट्रीय अंपायर जगदीश शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर, खेल विभाग में मध्यप्रदेश शासन द्वारा नियुक्त समिति के सदस्य एवं खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विक्रांत अग्रवाल, जिला कबड्डी संघ के सचिव एवं कबड्डी फेडरेशन मध्यप्रदेश की चयन समिति के सदस्य मंगल सिंह यादव, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भूपेंद्र सिंह तोमर, कबड्डी के राष्ट्रीय अंपायर सुरेश बघेल, धन्नालाल जाट, कन्हैयालाल बिश्नोई एवं ला कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी सखाराम यादव ने किया। बालक वर्ग का पहला मुकाबला हरदा और बैतूल के बीच हुआ, जिसमें बैतूल की टीम विजेता रही। इसके बाद फाइनल मुकाबला बैतूल और नर्मदापुरम के बीच खेला गया, जिसमें नर्मदापुरम ने जीत दर्ज कर बालक वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

इसी तरह बालिका वर्ग में पहला मुकाबला हरदा और नर्मदापुरम के बीच हुआ, जिसमें नर्मदापुरम की टीम विजेता रही। फाइनल मुकाबला नर्मदापुरम और बैतूल के बीच हुआ। इसमें बैतूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान नर्मदापुरम संभाग की टीम का चयन भी किया गया। चयनित दल आगामी 3 से 7 अक्टूबर तक हरदा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करेगा। इस अवसर पर राजेश बीलिया, आनंद तिवारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समन्वयक सलमा खान, मिनी चांदसुरे, आरती भिलाला, हेमलता मंडराई, प्रहलाद जाट, मनीष प्रजापति, मुकेश गोश्वामी, नरसिंह धुर्वे सहित अन्य उपस्थित रहे।

पुलिस महकमे की शुरुआती पोस्टिंग कोतवाली मिली, अब तीसरी बार टीआई की जिम्मेदारी भी

जहां 21 साल पहले की सिपाहीगिरी, उसी थाने में तीसरी बार बने थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश पुलिस महकमे में तबादले और नई पोस्टिंग बेहद आम बात हैं, लेकिन सीहोर पुलिस विभाग के इतिहास में एक ऐसा अनूठा और रोचक मामला सामने आया है जो आज तक किसी भी पुलिसकर्मी या अधिकारी के साथ नहीं हुआ। एक ही थाने से करियर की मैदानी शुरुआत करना, फिर आगे चलकर उसी थाने का टीआई (थाना प्रभारी) बनना और फिर घूम फिरकर तीसरी बार उसी कोतवाली थाने की कमान संभालना, यह उपलब्धि दर्ज हुई है टीआई गिरीश दुबे के नाम।

कोतवाली के बने प्रभारी

बता दें सप्ताह भर पहले ही पुलिस कप्तान सोनाक्षी सक्सेना ने आष्टा थाना प्रभारी रहे गिरीश दुबे को शहर के सबसे महत्वपूर्ण कोतवाली थाने का प्रभारी बनाया है। खाकी वर्दी के प्रति निष्ठा और निरंतर मेहनत के दम पर दुबे ने एक ऐसा सफर तय किया है, जो पूरे पुलिस विभाग



या अधिकारी-पुलिस जवान के मामले में अनूठा है।

बांग्लादेशी नेटवर्क ने दिलाई सफलता

गिरीश दुबे ने अपने सेवाकाल की शुरुआत वर्ष (2002) में बतौर प्रधान आरक्षक के रूप में की थी, जिसके बाद साल 2005 में मैदानी पोस्टिंग इसी सीहोर कोतवाली थाने में पाई थी। यहां के बाद वे भोपाल पहुंचे, जहां साल 2006 में उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर एक बड़ा कारनामा कर दिखाया। भोपाल में अवैध हथियारों के साथ सक्रिय बांग्लादेशी संदिग्धों के नेटवर्क को बेनकाब करने में गिरीश दुबे की मुख्य भूमिका रही। इस सफल ऑपरेशन के एवज में उन्हें विभाग की ओर से विशेष आउट ऑफ टर्न प्रोत्साहन मिला और साल 2007 में वे एएसआई पद पर पदोन्नत कर दिए गए।

फिर बढ़ता गया सफलता का सफर

आउट ऑफ टर्न प्रमोशन के बाद गिरीश दुबे की तरक्की का सफर रुकने का नाम नहीं लिया। अपनी कार्यशैली के दम पर साल 2012 में वे सब इंस्पेक्टर बने और रायसेन जिले के कई महत्वपूर्ण थानों में पदस्थ रहे। पुलिस महकमे में उनके रिकॉर्ड को देखते हुए साल 2021 में उन्हें निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया।

पहली बार टीआई बन लौटे कोतवाली

निरीक्षक बनने के बाद जब वे सीहोर जिले में लौटे तो उन्हें भैरुंदा और आष्टा थानों की जिम्मेदारी मिली। इसके बाद करीब साल-डेढ़ साल पहले उन्हें पहली बार कोतवाली थाने का टीआई बनाया गया। यानी जिस थाने में कभी वे प्रधान आरक्षक के रूप में आदेश का पालन करते थे, वहीं वे पहली बार मुखिया बनकर लौटे। कोतवाली के बाद वे आष्टा थाने में सेवाएं दे रहे थे, लेकिन अब पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने उन्हें आष्टा से ट्रांसफर कर पुनः कोतवाली थाने का टीआई नियुक्त किया है। बता दें जिले के इतिहास में अब तक किसी भी आरक्षक, प्रधान आरक्षक, एएसआई, एसआई या निरीक्षक के साथ ऐसा नहीं हुआ है। एक ही थाने से अपनी जमीनी शुरुआत करना और फिर उसी कोतवाली में तीसरी बार प्रभारी बनकर आना अपने आप में एक अनोखा मामला है।

बिशन खेड़ी में शिविर किया आयोजित

सीहोर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन एवं डॉ. रचिरा उइके के निर्देशन में विकासखंड इछावर के ग्राम बिशन खेड़ी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में दंत फ्लोरोसिस स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय के कुल 45 विद्यार्थियों की दंत स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 8 बच्चों में दंत फ्लोरोसिस के मामले चिन्हित किए गए। चिन्हित बच्चों को आवश्यक परामर्श एवं आगे की जांच/उपचार हेतु उचित मार्गदर्शन दिया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दंत फ्लोरोसिस की रोकथाम, मौखिक स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल के उपयोग एवं दांतों की नियमित देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई।